भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानन अकादमी ने प्रतिष्ठित आई सी ए ओ ट्रेनएयर प्लस कार्यक्रम के पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त किया।

<u>नई दिल्ली- 31 मई, 2016:</u> भारतीय विमानन अकादमी (आई ए ए) जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए ए आई), नागर विमानन महानिदेशालय (डी जी सी ए) तथा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बी सी ए एस) का एक संयुक्त उद्यम है, ने एक और उपलब्धि अर्जित की है । अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आई सी ए ओ), एक संयुक्त राष्ट्र निकाय ने आई ए ए को ट्रेनएयर प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण सदस्य का दर्जा प्रदान किया है । आई सी ए ओ की कड़ी आवश्यकताओं, जिसमें पाठ्यक्रम विकास इकाई (सी डी यू) की स्थापना तथा आई सी ए ओ ट्रेनएयर प्लस कार्यक्रम की मानक कार्यप्रणाली के अनुसार कम से कम एक मानकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम (एस टी पी) को विकसित करना शामिल है, को पूरा करने के बाद नागर विमानन प्रशिक्षण केन्द्र (सी ए टी सी) को विश्व भर में पूर्ण सदस्य का दर्जा प्रदान किया गया है । आई ए ए की सी डी यू टीम ने मई 2016 में ''रनवे रबर रिमूवल'' पर एस टी पी को विकसित करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा कर ली है तथा इसे आई सी ए ओ से विधिवत् मान्यता मिल गई है । श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रेरक शक्ति थे ।

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन) ने नागर विमानन क्षेत्र में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के क्षेत्रों में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आई ए ए की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 12/2016-17

भारतीय विमानन अकादमी